भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा #मध्यप्रदेश में नागर विमानन क्षेत्र की अपार संभावनाओं को देखते हुए, मध्य प्रदेश सरकार एवं प्राधिकरण के बीच 'ओ एंड एम', सीएनएस/एटीएम सेवाओं के प्रावधान हेतु विकास करार पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अंतर्गत शिवपुरी हवाई पट्टी का उन्नयन एवं विकास मानकों के अनुरूप हवाई अड्डे का संचालन सम्मिलित है। इस विशेष अवसर पर, 'एमओयू' एवं सीएनएस/एटीएम अनुबंध हेतु, मध्य प्रदेश सरकार की ओर से श्री चंद्रमौली शुक्ला, आयुक्त, विमानन, मध्य प्रदेश एवं भाविप्रा की ओर से श्री एन.वी. सुब्बारायाडू, कार्यपालक निदेशक और श्री सजित कुमार, महाप्रबंधक (एटीएम/एटीएस) दिल्ली द्वारा हस्ताक्षर किए गए। साथ ही, श्री रामजी अवस्थी, विमानपत्तन निदेशक, भोपाल द्वारा विकास करार पर हस्ताक्षर किया गया।